## खण्ड – III
## भाषा – II
# हिन्दी

इस खण्ड में कुल **30** प्रश्न हैं ।

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्न संख्या **61** से **65** तक के उत्तर दीजिए :

इतिहास प्रमाणित कर देता है कि ऐसे दासत्व बहुत काल के उपरान्त एक अद्‌भुत संहारक शक्ति को जन्म देते हैं, जिसकी बाढ़ को रोकने में शक्तिशाली भी समर्थ नहीं हो सके । मनुष्य स्वभावतः जीवन से बहुत प्यार करता है, परन्तु जब सहयोगियों के निष्ठुर उत्पीड़न से वह नितान्त दुर्वह हो उठता है, तब उसकी ममता घोरतम विरक्ति में परिवर्तित हो जाती है । पीड़ितों का समाधान संभव हो सकता है, परन्तु ऐसे में हताश और जीवन के प्रति निर्मम व्यक्तियों का संभाषण संभव नहीं है । ऐसे व्यक्तियों का वेग आँधी के समान चक्षुहीन, बाढ़ के समान दिशाहीन और विद्युत के समान लक्ष्यहीन हो जाता है ।

www.MDSmartClasses.com

61. निम्न में से स्त्रीलिंग शब्द है

(A) मनुष्य (B) ममता

(C) निष्ठुर (D) सबल

62. 'संहारक' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) सम् + हारक (B) सम + हारक

(C) सन + हारक (D) सन् + हारक

63. निम्न में से कौन-सा विकल्प जातिवाचक संज्ञा से भाववाचक संज्ञा बनने का है ?

(A) शून्यता (B) उत्पीड़न

(C) उपयोगिता (D) दासत्व

64. '<u>बाढ़</u> के समान दिशाहीन' वाक्यांश में रेखांकित पद है

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम

(C) क्रिया (D) विशेषण

65. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'दुर्वह' का समानार्थी है ?

(A) सिंचित (B) असह्य

(C) गन्तव्य (D) दिशाहीन



Scanned with CamScanner

निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर प्रश्न संख्या **66** से **69** तक के उत्तर दीजिए :

हम पंछी उन्मुक्त गगन के, पिंजरबद्ध न गा पाएँगे,
कनक-तीलियों से टकराकर
पुलकित पंख टूट जाएँगे ।
स्वर्ण-शृंखला के बंधन में
अपनी गति, उड़ान सब भूले,
बस सपनों में देख रहे हैं
तरु की फुनगी पर के झूले ।
हम बहता जल पीने वाले
मर जाएँगे भूखे-प्यासे,
कहीं भली है कटुक निबौरी
कनक कटोरी की मैदा से ।

66. उपर्युक्त कविता का केन्द्रीय भाव है
(A) स्वातन्त्र्य प्रेम
(B) देश प्रेम
(C) समाजवाद
(D) मातृभक्ति

67. 'कहीं भली है कटुक निबौरी, कनक कटोरी की मैदा से' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?
(A) यमक
(B) अनुप्रास
(C) सन्देह
(D) श्लेष

68. 'स्वर्ण-शृंखला के बंधन में, अपनी गति, उड़ान सब भूले' पंक्ति में 'स्वर्ण-शृंखला' किसे कहा गया है ?
(A) वैभव-विलासयुक्त गुलामी को
(B) सोने की जंजीरों को
(C) वैभव रहित गुलामी को
(D) संपन्नता के सुख को

69. निम्न में से तद्भव शब्द है
(A) स्वर्ण
(B) पंछी
(C) कटुक
(D) किरण

70. निम्नलिखित में से असंगत कथन है :
(A) सरल वाक्य में एक उद्देश्य व एक ही विधेय होता है ।
(B) मिश्र वाक्य में एक से अधिक मुख्य उपवाक्य तथा अन्य आश्रित उपवाक्य होते हैं ।
(C) संयुक्त वाक्य में दो या दो से अधिक साधारण वाक्य किसी संयोजक से जुड़े रहते हैं ।
(D) मिश्र वाक्य व उपवाक्यों को जोड़ने का काम समुच्चयबोधक करते हैं ।

71. 'वाह ! कितना सुन्दर दृश्य है !' यह वाक्य अर्थ की दृष्टि से है :
(A) संभावनार्थक
(B) संकेतार्थक
(C) विस्मयादिबोधक
(D) प्रश्नवाचक



www.MDSmartClasses.com
Scanned with CamScanner

72. 'आँखें बिछाना' मुहावरे का अर्थ है

(A) प्रेमपूर्वक स्वागत करना
(B) अत्यन्त प्रिय होना
(C) जरा भी कष्ट न आने देना
(D) वश में न रह पाना

73. 'एक तो करेला, दूसरा नीम चढ़ा' लोकोक्ति का अभिप्राय है

(A) सब ओर कष्ट होना
(B) दूसरे पर दोष मढ़ना
(C) एकाधिक दोष होना
(D) मात्र दिखावा

74. 'पुलिस ने चोर को दण्ड दिया' वाक्य में प्रयुक्त विभक्ति रूप है

(A) कर्ता एवं कर्म
(B) कर्म एवं अपादान
(C) कर्ता एवं करण
(D) कर्ता एवं संप्रदान

75. 'धीरे-धीरे' किस व्याकरणिक कोटि का शब्द है ?

(A) क्रिया
(B) क्रिया-विशेषण
(C) विशेषण
(D) सर्वनाम

76. 'हस्तलिखित' शब्द में कौन-सा समास है ?

(A) तत्पुरुष
(B) बहुव्रीहि
(C) अव्ययीभाव
(D) द्विगु

77. किंडरगार्टन शिक्षण पद्धति में प्रयुक्त 'किंडरगार्टन' शब्द का अर्थ है

(A) बच्चों का उद्यान
(B) निर्वैयक्तिक भाव
(C) आन्तरिक शक्ति
(D) उद्यान के बच्चे

78. मौखिक अभिव्यक्ति की दक्षता में सहायक है

(A) प्रार्थना-पत्र
(B) वाद-विवाद
(C) निबंध
(D) पत्र

79. जीवन के आरंभिक दौर में मातृभाषा सीखने का सबसे प्रमुख स्रोत है

(A) पुस्तक
(B) विद्यालय
(C) परिवार
(D) संचार साधन

80. निम्नलिखित में से वाचन शिक्षण का उद्देश्य है

(A) विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति का विकास करना
(B) विद्यार्थियों की लेखनशक्ति का विकास करना
(C) प्रत्येक शब्द पर उचित बल देकर पठनशक्ति का विकास करना
(D) विभिन्न संदर्भों में द्रुतलेखन का विकास करना

81. 'भाषा प्रयोगशाला शिक्षक के स्थान पर प्रतिस्थापन नहीं है' यह वाक्य है

(A) असत्य
(B) अस्पष्ट
(C) सत्य
(D) अनुपयुक्त

www.MDSmartClasses.com



Scanned with CamScanner

82. पाठ्यपुस्तक का बाह्य गुण है

(A) विषयवस्तु (B) भाषा

(C) शैली (D) शीर्षक

83. निम्नलिखित में से श्रव्य उपकरण है

(A) पोस्टर (B) चार्ट

(C) ग्रामोफोन (D) मानचित्र

84. वस्तुनिष्ठ परीक्षा में सम्मिलित है

(A) निबंधात्मक परीक्षा (B) मिलान पद परीक्षा

(C) लघूत्तरात्मक परीक्षा (D) पर्यवेक्षण

85. विद्यार्थी के लगातार मूल्यांकन हेतु उपयुक्त परीक्षा पद्धति है

(A) सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन पद्धति (B) सत्रांत परीक्षा पद्धति

(C) वार्षिक परीक्षा पद्धति (D) पाक्षिक परीक्षा पद्धति

86. निदान का महत्व नगण्य है, यदि

(A) उसके अनुसार बच्चों का उपचार नहीं किया जाता ।

(B) उसके अनुसार बच्चों का उपचार किया जाता है ।

(C) उसके परिणामों पर अविश्वास किया जाता है ।

(D) उसके परिणामों की उपेक्षा की जाती है ।

87. भाषायी कौशल के निर्धारित पक्षों में कौन-सा उपयुक्त नहीं है ?

(A) देखना (B) सुनना

(C) बोलना (D) पढ़ना

88. खेल विधि को प्रचलित करने का श्रेय है

(A) रायबर्न को (B) मॉरीसन को

(C) थॉमस एम०रस्क को (D) हैनरी कोल्डवेल कुक को

89. 'मैं कलम से किताब लिखता हूँ' में कारक का भेद है

(A) कर्म कारक (B) संबंध कारक

(C) करण कारक (D) अपादान कारक

90. व्याकरण शिक्षण की किस प्रणाली को विकृत रूप में 'सुग्गा प्रणाली' भी कहते हैं ?

(A) अव्याकृति प्रणाली (B) सहयोग प्रणाली

(C) पाठ्यपुस्तक प्रणाली (D) निगमन प्रणाली



www.MDSmartClasses.com

Scanned with CamScanner